हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

11 नवापारा रेलवे क्रॉसिंग के प्रस्तावित फ्लाईओवर ...

12 'यादव जी की लव स्टोरी' पर बढ़ा विवाद, देशभर में...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## वन विभाग की नाक के नीचे हो रही सागौन की अवैध कटाई, मचा हड़कंप

### राजस्व भूमि पर सैकड़ों पेड़ों के ठूंठ मिले, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग वन परिक्षेत्र मुख्यालय से महज 2 किलोमीटर दूर राजस्व भूमि में सागौन पेड़ों की बड़े पैमाने पर अवैध कटाई और चिरान का मामला सामने आया है। लंबे समय से खेत के भीतर चोरी–छिपे कीमती सागौन की लकड़ी काटकर चिरान बनाकर बेचे जाने की सूचना पर वन अमले ने अचानक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके पर आरोपियों को सागौन लठ्ठों की ढुलाई करते और चिरान बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

वन विभाग ने क्षेत्र की लगभग 200 मीटर परिधि में सर्च ऑपरेशन चलाया, जहां सैकड़ों सागौन पेड़ों के कटे होने के निशान देखकर अधिकारी भी सकते में आ गए। मौके से 18 नग सागौन लठ्ठा, 2 नग तैयार चिरान और कटाई में प्रयुक्त आरा मशीन जब्त की गई है। वन विभाग ने तीन लोगों को आरोपी बनाकर वन सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह मामला राजस्व भूमि पर बिना अनुमति इमारती लकड़ी की कटाई से जुड़ा पाया गया है। ऐसे में अब राजस्व विभाग भी अलग से जांच और वैधानिक कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। वन अधिकारियों का कहना है कि अवैध कटाई में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### भू–स्वामी को नोटिस देंगे

वन परिक्षेत्र अधिकारी देवभोग अश्वनी कुमार मुर्चुलिया ने बताया कि 0.708 घन मीटर के 18 नग लठ्ठा और 0.024 घन मीटर के 2 नग चिरान समेत आरा जब्त किया गया है। जब्त इमारती लकड़ी की सरकारी कीमत 40526 आंकी गई है। खेतों के आसपास कटे पेड़ों के ठूंठ की गिनती कर भूस्वामी को भी नोटिस जारी कर, काटे गए पेड़ के लिए अनुमति की जानकारी ली जाएगी।



#### बड़ी संख्या में हुई वृक्षों की कटाई

बलभद्र जिस खेत में अवैध कटाई कर चिरान बनाता था, उसके 200 मीटर की परिधि में सागौन के बड़ी संख्या में वृक्षो के ठूंठ नजर आए और वन विभाग के नाक के नीचे यह अवैध कटाई का सिलसिला चल रहा था।


### खबर संक्षेप

#### भाजपा युवा मोर्चा नवापारा मंडल के महामंत्री बने वीरेन्द्र



**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नवापारा मंडल में वीरेन्द्र साहू को महामंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति के बाद विरेन्द्र साहू ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे युवाओं को संगठित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर किशोर देवांगन, उमेश यादव, नवल किशोर साहू, भागवत सोनकर, तपन सोनकर, किशन साहू, भूषण सोना, रजत राजपूत, प्रितेश साहू, महेश ठाकुर ने बधाई दी है।

#### फंदे से लटका मिला शव, क्षेत्र में सनसनी



**मैनपुर।** मैनपुर मुख्यालय से बड़ी खबर निकलकर सामने आई जहां मैनपुरकला के फुलझर डेम के पास एक युवक फांसी पर लटके हुए मिलने से मैनपुरकला में सनसनी फैल गई। बता दे की सुबह–सुबह गांव के लोग शौच पर जा रहे थे कि लोगों के द्वारा डेम जाने वाले रास्ते पर देखा गया कि एक बाइक अपाचे जिसका वाहन क्रमांक ओडी 24 जे 8424 साइड पर खड़ा कर युवक को ग्रामीणों के द्वारा फांसी पर लटके हुए देखा तभी ग्रामीणों के द्वारा मैनपुर पुलिस को सूचना दी गई। मैनपुर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर फांसी पर लटके युवक की शिनाख्त की गई तभी युवक की पहचान आलेखचरण भक्त पिता कृष्णचंद्र भक्त बड़ाभरंडी, नबरंगपुर, ओडिशा, के रूप में पहचान हुई है पुलिस जांच में जुटी है बता दे कि सूत्रें से पता चला है कि उड़ीसा राज्य के थाने में आलेखचरण भक्त के परिवारों द्वारा गुमशुदी का रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी और आज बड़ी घटना होती है कि आलेखचरण भक्त मैनपुरकला के डेम जाने वाली मार्ग पर फांसी पर लटके हुए मिला कारण अभी अज्ञात है पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

#### गोबरा आश्रम के घायल छात्र की खोज पूरी, पिता के संरक्षण में सुरक्षित



**गरियाबंद।** गोबरा आश्रम के घायल और कथित रूप से गायब छात्र की तलाश प्रशासन ने शुरू कर दी। प्रशासनिक पड़ताल में स्पष्ट हुआ कि घायल छात्र अपने पिता मोहन मरकाम के साथ ग्राम जरांडी में सुरक्षित है। गुरुवार को वह अपने घर नगरार को लौटेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने बताया कि छात्र के पिता ने स्वयं एक लिखित पत्र दिया था, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि वह अपने पुत्र का इलाज निजी खर्च पर करवाने के लिए उसे साथ ले जा रहे हैं। पत्र में यह भी लिखा गया है कि इलाज के दौरान किसी भी प्रकार के जोखिम की जिम्मेदारी वे स्वयं लेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बीबीएम डिविजन के नक्सली लिखे भावुक पत्र, आत्मसमर्पण की जताई इच्छा

## 15 नक्सली छोड़ेंगे हिंसा, लोकतंत्र की मुख्यधारा में लौटने के दिए संकेत, डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बस्तर और ओडिशा की सीमा से लगे जंगलों में वर्षों तक सक्रिय रहे बीबीएम (बलांगीर–बरगढ़–महासमुंद) डिवीजन के 15 नक्सलियों ने अब हिंसा का रास्ता छोड़ लोकतंत्र की मुख्यधारा में लौटने का मन बना लिया है। इन नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा को एक भावुक पत्र लिखकर आत्मसमर्पण की इच्छा जताई है।

- सुरक्षा एजेंसियों की नजर बनी हुई, सतर्कता के साथ होगी प्रक्रिया
- 15 में से 14 सदस्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र से, एक ओडिशा से

पत्र में बदली परिस्थितियों, घटते जनसमर्थन और बढ़ते सुरक्षा दबाव के बीच संविधान पर भरोसा जताते हुए सामान्य जीवन जीने की इच्छा व्यक्त की गई है। सूत्रों के अनुसार 2–3 मार्च को महासमुंद में सामूहिक आत्मसमर्पण की संभावना है।

जानकारी के मुताबिक पूरा संवाद रेडियो संदेशों के माध्यम से आगे बढ़ा। संबंधित टोली में डिविजनल कमेटी के तीन सदस्य, एरिया कमेटी के पांच सदस्य और सात पार्टी सदस्य शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि कुल 15 में से 14 सदस्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र से हैं, जबकि एक सदस्य ओडिशा का है। सुरक्षा एजेंसियां पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं और प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।



#### मीडिया से आई है सूचनाः एसपी

15 नक्सली के सरेंडर की खबर मीडिया के माध्यम से सूचना में आई है, नक्सली अपने किसी साथी के माध्यम से संपर्क कर सरेंडर करने की बात कर रहे हैं।

\- **धीरेंद्र पटेल,** एएसपी, गरियाबंद

#### सम्मानजनक पुनर्वास के साथ मांगी सुरक्षा की गारंटी

*नक्सलियों ने अपने पत्र में आत्मसमर्पण के साथ कुछ अपेक्षाएं भी रखी हैं। उन्होंने आत्मसमर्पण के बाद सम्मानजनक पुनर्वास और सुरक्षा की गारंटी चाही है। साथ ही, उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि आत्मसमर्पण के दौरान किसी प्रकार की मुठभेड़ या अवरोध की स्थिति न बने, इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। पत्र में पूर्व में घोषित इनाम और लंबित प्रकरणों पर नियमानुसार सहानुभूतिपूर्ण विचार करने की बात भी कही गई है। सूत्रों का मानना है कि लगातार चल रहे सुरक्षा अभियानों और विकास कार्यों के विस्तार का असर संगठन के कैडर पर पड़ा है। पत्र में "लाल सलाम" की विचारधारा से मोहभंग और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास की बात सामने आई है। यदि तय तिथियों पर आत्मसमर्पण होता है तो यह बस्तर संभाग में नक्सल मोर्चे पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाएगी।*

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गिरे एक ने मौके पर तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

मंगलवार देर शाम गरियाबंद–छुरा मुख्य मार्ग पर खरखरा स्थित शासकीय उद्यानिकी परिसर और पुल के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी क एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल बन गया।

- खरखरा पुल के पास हुआ सड़क हादसा
- फरार चालक की तलाश में जुटी पुलिस, क्षेत्र में आक्रोश

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बारुला निवासी शिवकुमार बंजारे और संतराम चक्रधारी बाइक से छुरा की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान खरखरा पुल के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर जोरदार थी, जिससे दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। शिवकुमार बंजारे ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि संतराम चक्रधारी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना किस परिस्थिति में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### पुलिस खंगाल रही है डिजिटल एविडेंस

पुलिस अब अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान में जुटी हुई है। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है, वहां आसपास सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सीमित बताई जा रही है, जिससे जांच चुनौतीपूर्ण हो सकती है। पुलिस आसपास के मार्गों के फुटेज खंगालने और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर वाहन का सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है। क्षेत्रवासियों ने मार्ग पर रात्रि गश्त और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## युवा कल्याण को समर्पित है ऐतिहासिक बजटः दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रचार प्रचार सहप्रमुख दीपक साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत "संकल्प बजट 2026-27" में युवाओं और शिक्षा क्षेत्र के लिए किए गए विशेष प्रावधानों का स्वागत करते हुए इसे युवा सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। दीपक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगा। सरकार ने "युवा कल्याण" को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और अधोसंरचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण घोषणाएँ की हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि बजट में— विश्वविद्यालयों को 731 करोड़ का अनुदान, स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना हेतु 100 करोड़, नए सीजीआथ्तानों की स्थापना हेतु 38 करोड़, सीजी एसीई (प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सहायता) के लिए 33 करोड़, 36 इंक्यूबेशन सेंटर एवं एसटीपीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हेतु 35 करोड़, 25 महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु 25 करोड़, रायपुर में मेगा परीक्षा केंद्र हेतु 25 करोड़, 5 सरकारी महाविद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापना हेतु 15 करोड़, आईआईटी में अधोसंरचना विकास ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आईएसबीएम विवि का युवा संसद कार्यक्रम होगा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा कोसमी द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 27 फरवरी प्रातः 10:30 बजे से जिला स्तरीय "युवा संसद" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" निर्धारित किया गया है। इसमें कबीरधाम जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों के युवा प्रतिभागी भाग लेकर आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके प्रभाव तथा भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता पर विचार-विमर्श करेंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी डॉ. दिवाकर तिवारी ने बताया कि युवा संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि यह मंच युवाओं को संसदीय परंपराओं को व्यवहारिक रूप में समझने और तार्किक संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खेल-खेल में बस से 40 किमी दूर पहुंचा मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

मंगलवार दोपहर एक ऐसी घटना सामने आई जिसने पहले तो सभी की चिंता बढ़ा दी, लेकिन अंत सुखद रहा। महासमुंद जिले के पलसिपानी गांव से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे परिवार के बीच खेलते-खेलते 5 वर्षीय मूक-श्रवण बाधित बालक कुनाल मांझी अनजाने में बागबाहरा से छुरा आ रही एक निजी ट्रैवल की बस में चढ़ गया और परिवार को इसकी भनक तक नहीं लगी। बस जब छुरा बस स्टैंड पहुंची और यात्री उतर गए, तब एक मासूम को अकेले बैठा देख चालक और कंडक्टर हैरान रह गए। बालक ▶▶| शेष पेज 10 पर

- चालक-परिचालकने दिखाई तत्परता पहुंचे थाने
- पुलिस की सजगता से दो घंटे में परिवार को मिल गया मासूम



#### समन्वित प्रयास ने टाली बड़ी अनहोनी

थाने में मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अधिकार मित्र वालेंटियर टिकेश्वर निषाद को सूचना दी गई। छुरा पुलिस और वालेंटियर टिकेश्वर निषाद ने समन्वित प्रयास करते हुए बच्चे की पहचान कुनाल मांझी पिता नरसिंह मांझी निवासी पलसिपानी महासमुंद के रूप में की। इसके बाद संबंधित टुहलु पुलिस चौकी से संपर्क साधा गया। सोशल मीडिया व स्थानीय नेटवर्क के माध्यम से जानकारी साझा की गई। लगातार प्रयास का परिणाम रहा कि महज दो से तीन घंटे के भीतर परिजनों का पता लगाकर बच्चे को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में पुलिस-प्रशासन, कानूनी संस्था और बस स्टाफ की तत्परता ने एक संभावित बड़ी अनहोनी टाल दी। बच्चा सकुशल अपने परिजनों के बीच पहुंच गया।

### नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में हुई वार्षिक खेलकूद स्पर्धा

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है खेलकूदः डॉ. दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जी. एस. दास, वरिष्ठ प्राध्यापक, नवीन कन्या शासकीय महाविद्यालय गरियाबंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सनबरसन साहू ने की। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

- वार्षिक स्नेह सम्मेलन में विजेताओं को मिलेगा प्रमाणपत्र व पुरस्कार

मुख्य अतिथि डॉ. दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक दृढ़ता, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य सनबरसन साहू ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध है। खेलकूद प्रतियोगिताएं आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करती हैं। उन्होंने आयोजन समिति, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



#### कॉलेज परिसर में हुईं प्रतियोगिताएं

इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न खेल एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, रिले रेस, रस्सी कूद, लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, स्लो साइकिल, गोला फेंक एवं चक्र फेंक जैसी स्पर्धाएं संपन्न हुईं। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता, पुष्प सज्जा एवं केश सज्जा प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और खेल भावना का परिचय दिया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

#### 27 फरवरी को होगा पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन नई सोच नई दिशा नई उड़ान... उड़ान 2026 के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित होगा, जिसमें अतिथियों के करकमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे। महाविद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

## महिला मोर्चा ने किया राहुल का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा के मार्गदर्शन में जिला महामंत्री ओमकुमारी के नेतृत्व में इंडिया इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस द्वारा नग्न प्रदर्शन एवं राहुल गाँधी द्वारा गलत बयानबाजी के विरोध में जिला रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा द्वारा नवापारा मण्डल में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा जिला महामंत्री,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## अंत्योदय के संकल्प को साकार करने वाला बजटः डॉ. रामकुमार

**राजिम।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को निरंतर विकाश की ओर अग्रसर करने वाली भाजपा की डबल इंजन की सरकार



के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.रामकुमार साहू ने कहा की वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा भाजपा के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर आधारीत एक समावेशी बजट पेश किया गया है और यही हमारे विचारधारा का भी मूल वाक्य भी रहा है कि प्रदेश के सभी क्षेत्र और वर्ग को विकास के मुख्य धारा में ला कर खड़ा करना तभी सही मायने में समाज की सेवा होगी और आज का यह बजट इसी उद्धेश्य को चरितार्थ करने का संकल्प के रूप में सरकार द्वारा जनता के समक्ष पेश किया गया है। आजादी के 80 वर्ष बाद भी प्रदेश का कोई दूरस्थ वनांचल क्षेत्र विकास से अछूता रहे वहां के रहने वाले हमारे वनवासी आदिवासी भाइयों बहनों को सुलभ स्वास्थ सुविधा, उच्च शिक्षा,शुद्ध पेयजल,आवागमन के साधन और संचार क्रांति के युग में जुड़ने के लिए दूर संचार का साधन उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता में शामिल करना संवेदन शील मुख्यमंत्री और अनुभवी वित्त मंत्री के कार्यशैली को दर्शाता है, साथ हि बस्तर और सरगुजा हमारे प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर है इसे सहेजने संवारने और आने वाली पीढ़ी के लिए यहां बेहतर वातावरण तैयार करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

## सुशासन का बजटः गांव, गरीब व किसान को प्राथमिकता

**मैनपुर।** गोहरापदर भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने मंगलवार को विधानसभा में पेश हुए



छत्तीसगढ़ के 2026–27 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए विष्णु के सुशासन का संकल्पित बजट बताया,उन्होंने कहा कि बजट में गांव,गरीब,किसान की चिंता करते हुए प्रबंध किए गए है,शिक्षा जगत विशेष ध्यान देते हुए नए महाविद्यालयों एवं शिक्षा संस्थानों के निर्माण के लिए सरकार ने प्रतिबद्धता दिखाई है.जनहित से लेकर छात्रहित एवं अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने वाला यह बजट निश्चित ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए नींव का पत्थर साबित होगा।

# दुलना एनीकट से दौड़ रहे ओवरलोडेड रेत हाईवा पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर से मात्र 3 किमी दूर महानदी पर बने दुलना एनीकट के ऊपर से इन दिनों ओवरलोड रेत से भरी हाइवा गाड़ियां सरपट दौड़ रही है। भारी-भरकम और क्षमता से अधिक रेत से लदी गाड़ियो के चलते करोड़ो की लागत से बनी एनीकट पर संकट का बादल मंडरा रहा है। जिससे इन संरचनाओं की सुरक्षा और स्थायित्व पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। एनीकट बनाने का मुख्य उद्देश्य जल संग्रहण, सिंचाई सुविधा, पेयजल आपूर्ति, भू-जल स्तर बनाए रखने के लिए किया गया हैं। ये संरचनाएँ भारी मालवाहक वाहनों के नियमित आवागमन के लिए डिजाइन नहीं की गई थीं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसी जल संरचना पर उसकी वहन क्षमता से अधिक भार डाला जाए, तो उसकी आंतरिक मजबूती और आधार फाउंडेशन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**ओवरलोड वाहनों से संरचना पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है : विभागीय इंजीनियर**

### भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल प्रतिबंध की मांग

एनीकट के ऊपर से भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग ग्रामीणो ने की है साथ ही ओवरलोड रेत परिवहन की सख्त जांच और कार्रवाई हो। बता दें कि महानदी पर बने एनीकट केवल कांक्रीट की संरचना नहीं, बल्कि क्षेत्र की कृषि, पेयजल और पर्यावरणीय संतुलन की जीवनरेखा हैं। अल्पकालिक लाभ के लिए यदि इन पर ओवरलोड वाहनों का दबाव जारी रहा, तो भविष्य में गंभीर आपदा की स्थिति बन सकती है। विकास और संसाधन दोहन के बीच संतुलन बनाए रखना प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। समय रहते उचित कदम उठाना ही जनहित में होगा। दुलना से लगे कई नदी क्षेत्र में अवैध रेत खनन का काला खेल इन दिनों जोरों पर है।



### नवापारा एवं अभनपुर शहर को होता है जल आपूर्ति

दुलना एनीकेट जो कि नवापारा एवं अभनपुर शहर को जल आपूर्ति के लिए बनाया गया महत्वपूर्ण ढांचा है। जो अब खतरे की जद में आ चुका है। बड़ा सवाल यह है कि जल संसाधन विभाग इस अवैध गतिविधि से अनजान कैसे हैं? महानदी में पहले से ही पनडुब्बी जैसी हाईटेक मशीनों से अवैध खनन की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, और नवापारा शहर में कई बार ओवरलोड हाइवा जब्त हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यह मामला न केवल पर्यावरण और जल संरक्षण का है, बल्कि सरकारी लापरवाही का भी गंभीर उदाहरण है।

### *ओवरलोड वाहनों से संरचनात्मक क्षति का जोखिमः इंजीनियर*

*विभाग के एक इंजीनियर का कहना है कि ओवरलोड वाहनों से संरचनात्मक क्षति का जोखिम हो सकता है। एनीकट की सतह में दरारें पैदा कर सकता है,कांक्रीट संरचना की मजबूती को कमजोर कर सकता है,आधार स्तंभों पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। यदि किसी हिस्से में क्षति होती है तो अचानक रिसाव या टूट-फूट की स्थिति बन सकती है, दुलनावासियो का कहना है कि रेत खनन और परिवहन में नियमों की अनदेखी की जा रही है। ओवरलोड वाहनों की जांच नहीं हो रही। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो एनीकट की संरचना को अपूरणीय क्षति हो सकती है।*

**हादसा : शहर में बढ़ती रफ्तार और चौक-चौराहों पर डर का माहौल**

# बिजली में तेज रफ्तार कार की ठोकर से बाइक चालक की हालत गंभीर

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राजिम की ओर से आती हुई अर्टिगा कार की ठोकर से ग्राम बिजली के 45 वर्शीय युवक की गंभीर रूप से घायल। सामुदायिक अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद डा. ने किया रेफर। युवक का नाम छबिलाल निशाद ग्राम बिजली निवासी बताया गया है जिनको चोट लगने से एक ही हाथ मे दो जगह फैक्चर के साथ साथ नसे भी कटना बताया जा रहा है जिसको लेकर उसकी हालत गंभीर है।

ये घटना 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे के बाद फिंगेश्वर पुलिस थाना से कुछ ही दूरी मे दर्रीपार जाने वाली चौक सड़क पर होना बताया गया है।कार चालक महासमबताया जा रहा है जो घटना के बाद घटना स्थल से कुछ ही दूर मे कार छोड़कर चला गया है।कार की हालत देखोगे तो चौक जाओगे।वही मोटर सायकिल को ठोकर मारकर वह बुरी तरह से डेमेज हुआ है। प्रत्यक्ष दशियों ने बताया कि बाइक चालक सड़क पर था और बस के रूकने पर वह भी रूका। लेकिन पीछे से तेज गति मे आ रहा



कार चालक कंट्रोल नहीं कर पाया और मोटर सायकिल को ठोक दिया।मोटर सायकिल सवार नीचे गिर पड़ा और उसकी मोटर सायकिल हवा मे लहरा गई। ठोकर इतना जबरदस्त था कि कार के सामने का एयर बैग खुल गया जिससे कार चालक भ सुरक्षित रहा।तेज रफतार की कहर से जहां पर जाने जा रही है वहीं पर नागरिकों के दिल मे सड़क पार करते समय भय का वातावरण बना गया है।लोगो का कहना है कि वाहनों की रफतार इस कदर होती है कि उन्हे सड़क पार करने के लिए एक लंबे समय तक दोनो ओर का इंतजार करना पड़ता है। जरा सी चूक हुई तो जान पर आफत आयेगी वहीं बच गये तो हाथ पैर सलामत रह जाय तो ईश्वर की मेहरबानी होगी।

### *ब्रेकर के खत्म होने से बढ़ी है रफ्तार*

*लोगो का कहना है कि जब से सड़को पर स्पीड ब्रेकर खत्म हुआ है तब से लोगो ने वाहनों की रफतार मे वृद्धि कर दी है। वाहन चलाते समय वाहन चालक ये भी भूल जाते कि चौक चौराहा है। स्कूल के छुटटी होने का समय हो गया है तो हम वाहन की गति कम रखे लेकिन वे ऐसा नहीं करते। नागरिको ने शासन से मांग की है कि जब वाहनों की शहर के अंदर इंट्री हो तो उनकी स्पीड फिक्स किया जाय जिससे दुर्घटना पर विराम लग सके या फिर स्पीड ब्रेकर बनाया जाय जिससे वाहन नियंत्रित हो सके।*

# गरियाबंद में निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ग्राम विकास गतिविधि 'आरोग्य संस्थानम्' के तत्वाधान में 27 फरवरी को निःशुल्क पंचतत्व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सिविल लाइन स्थित संस्कृतिक भवन, गरियाबंद में होगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों के लाभान्वित होने की संभावना है। आयोजन समिति ने बताया कि मानव शरीर पंचतत्व—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—से निर्मित है और इन तत्वों के असंतुलन के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। पंचतत्व चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इन तत्वों को संतुलित कर रोगों का उपचार किया जाता है।



शिविर में सामान्य रोगों जैसे सिरदर्द, कंधा एवं सर्वाइकल दर्द, जोड़ों का दर्द, स्लिप डिस्क, सायटिका, पंजा एवं कोहनी के दर्द का उपचार किया जाएगा। इसके अलावा त्वचा संबंधी रोगों में मुंहासे, सोरायसिस, खुजली और सफेद दाग जैसी समस्याओं का भी इलाज किया जाएगा। असाध्य माने जाने वाले रोगों में मधुमेह, ब्लड प्रेशर, थायराइड, अनिद्रा, मानसिक रोग, पार्किंसन, लकवा, बहरापन, गूंगापन तथा अस्थमा के मरीजों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाएगा। महिलाओं से संबंधित समस्याओं जैसे मासिक धर्म की अनियमितता, सिस्ट, फाइब्रॉइड, ल्यूकोरिया (सफेद पानी) और कमजोरी का उपचार भी शिविर में किया जाएगा। इसके साथ ही धातु रोग, भगंदर, बवासीर, हाइड्रोसील, कान-नाक-साइनस, नजला एवं मुंह के रोगों के लिए भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर में गव्यसिद्ध चिकित्सक डॉ. धीरेन्द्र यादव, एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. अवन्तिका अग्रवाल तथा डॉ. अर्चना अग्रवाल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आयोजन की जिम्मेदारी सुदर्शन जन सेवा द्वारा संभाली जा रही है।

## छत्तीसगढ़ सरकार का बजट समग्र विकास व सब का साथ-सबका विकास वाला बजटः रामू राम

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के सत्र में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 27 का बजट तथा सहायक सरकार का तीसरी बजट पेश किया गया जिस पर प्रक्रिया व्यक्त करते हुए जिला गरियाबंद के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक रायपुर के पूर्व संचालक रामू राम साहू ने हर्ष जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ यमंत्री विष्णु देव साय वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



रामू राम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की बजट को समग्र विकास एवं सब का साथ सबका विकास तथा व्यापक सोच वाला बजट बताया उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णु व्यवसाय के उत्कृष्ट सोच समग्र विकास का है जिसमें युवा महिला किसान वृद्ध गरीब आदिवासी पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति विद्यार्थी एवं हर वर्ग का कल्याण एवं हित समाहित है छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री श्री अप चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट 1.72 लाख करोड रुपए का है जो प्रमुख रूप से शिक्षा अधो संरचना एवं निवेश पर फोकस है। वरिष्ठ नेता रामू राम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की बजट में सकारात्मक सोच के साथ एक और रोजगार मुखी है वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में शिक्षा को आगे ले जाने हेतु बजट में प्रावधान किया गया है। नगरी क्षेत्र के विकास हेतु 750 करोड़ का प्रावधान है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु बजट में करोड़ों का स्थान दिया गया है। कानून व्यवस्था को और मजबूती प्रदान करने हेतु पांच नए साइबर थाने तथा 15 नगर पुलिस थाने बनाने का प्रावधान किया गया है जिससे प्रदेश मे कानून व्यवस्था और मजबूत होगा। श्री साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है। जहां पर किसान भाइयों के लिए ब्याज मुक्त ऋण हेतु 300 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।मुख्यमंत्री विष्णु देवता के निर्देश पर बजट में द्रुत गामी सड़क संपर्क योजना,शिक्षा हेतु स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना,रानी दुर्गावती योजना के तहत बालिकाओं का 18 वर्ष उम्र होने पर 1.50 लख रुपए की सहायता प्रदान करने हेतु 16 करोड रुपए का प्रावधान। औद्योगिक विकास हेतु 100 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है वहीं ग्रामीण क्षेत्रें में सड़क निर्माण करने हेतु करोड़ों का बजट रखी गई है।

### हर एक नागरिक की समृद्धि का संकल्प का है बजटः साहू

रामू राम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की बजट विकसित भारत का निर्माण सन 1947 तक पूरा करने का बजट है शिक्षा स्वास्थ्य निर्माण कार्य एवं निवेश के साथ–साथ यह बजट छत्तीसगढ़ के हर एक वर्ग का एवं हर एक नागरिक की समृद्धि का संकल्प का बजट है जिसमें बेटियों युवाओं और किसानों तथा शिक्षा के लिए ऐतिहासिक प्रावधान एवं घोषणाएं की गई है जो विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण पर आधारित बजट है काफी सकारात्मक एवं विकास वाली बजट है जो की सर्वहितकारी तथा प्रशंसनीय है।

### बजट पूरी तरह से निराशाजनक साबित हुआ : यादव

**मैनपुर।** युवा कांग्रेस के ब्लॉक सचिव परमेश्वर यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, लेकिन बजट में युवाओं के लिए न तो पर्याप्त सरकारी भर्तियों की घोषणा है और न ही रोजगार सृजन की स्पष्ट योजना। केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा, जमीन पर परिणाम चाहिए। इस बजट में महंगाई के बारे में कुछ कहा ही नहीं गया गैस सिलेंडर को 500 रुपए करने की बात करते हैं पर उसके लिये भी कुछ नहीं किया गया बस जनता को टोपी पहनाने का काम किया जा रहा है। यह बजट आंकड़ों का खेल है, लेकिन जनता की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं है।



# सुशासन व विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का दृढ़ संकल्पः चंद्रशेखर

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपए का बजट वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने पेश किया है बजट पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश के सर्व वर्ग को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया,इसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है, 1.72 लाख करोड़ का यह बजट केवल आंकड़ों का विस्तार नहीं, बल्कि विश्वास, सुशासन और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का दृढ़ संकल्प है।



बजट में छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की धुरी किसान भाईयों के उत्थान के लिए विशेष रूप से 13 हजार 500 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रावधान किए गए हैं, जिनमें कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, विद्युत पंपों के लिए बिजली सब्सिडी हेतु 55 सौ करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 820 करोड़, दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण के लिए 6 सौ करोड़, गन्ना किसानों को बोनस हेतु 60 करोड़ का प्रावधान शामिल है । सरकार ने प्रदेश में 250 महतारी सदन निर्माण की घोषणा की है इसके लिए 75 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है, इन सदनों का उद्देश्य महिलाओं के सामुदायिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और बैठक गतिविधियों के लिए स्थायी मंच उपलब्ध कराना है व प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी 800 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है, जिससे पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। यह बजट सुशासन से समृद्धि की दिशा में मजबूत कदम है । निश्चित तौर पर यह बजट एक अभूतपूर्व बजट है,ऐसे जनकल्याणकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी बधाई के पात्र हैं ।

### भाजपा अजा मोर्चा के जिला महामंत्री बने कोमल सोनवानी

**मैनपुर।** मैनपुर मोहंदा निवासी कोमल सोनवानी को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है अपनी नियुक्ति पर कोमल सोनवानी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओ के प्रति आभार व्यक्त किया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी तथा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के सहमति से अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष उत्तम राजवंशी ने कोमल सोनवानी को जिला महामंत्री नियुक्त किया है।



## विकसित छत्तीसगढ़ का मार्ग प्रशस्त करने वाला बजट : ओमकुमारी

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए बजट को नपा अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महिला मोर्चा महामंत्री ओमकुमारी-संजय साहू ने विकसित छत्तीसगढ़ का मार्ग प्रशस्त करने वाला बजट बताया है। संकल्प के थीम पर वित्तीय वर्ष 26-27 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुवे नपा अध्यक्ष ने कहा कि बजट में 18 वर्ष पूर्ण होने पर बालिकाओं को डेढ़ लाख दिए जाने की घोषणा स्वागत योग्य है।



इस घोषणा से महिला शसक्तीकरण को बल मिलेगा। छत्तीसगढ़ सरकार 5 मुख्य मिशन पर कार्य कर रही है। इसमें मुख्यमंत्री एआई मिशन, पर्यटन विकास मिशन, खेल उत्कृष्ट मिशन, अधोसंरचना मिशन, और मुख्यमंत्री स्टार्टअप और निपुण मिशन है। हर मिशन के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ छत्तीसगढ़ के किसान, युवा, खिलाड़ियों, व्यापारियों एवं आम लोगों को मिलेगा। 15 नए थाने एवं महिला थानों की संख्या में वृद्धि महिला सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। कृषि उन्नति योजना में एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान निश्चित रूप से किसानों के हित एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों के अधोसंरचना के लिए एक सौ पचास करोड़ का प्रावधान से तकनीकी एवं उच्च शिक्षा का लाभ छात्रों एवं युवाओं को मिलेगा। वर्ष 26-27 के लिए प्रस्तुत बजट निश्चित रूप से राज्य के विकास को और गति देगा।

# युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है छत्तीसगढ़ का बजट : कन्हैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026–27 राज्य के समग्र विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का रोडमैप है, जिसमें शिक्षा, अधोसंरचना, निवेश और सामाजिक न्याय को संतुलित रूप से आगे बढ़ाया गया है। उक्त बातें भाजपा के सक्रिया सदस्य कन्हैया मांझी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है।



मांझी ने आगे कहा भाजपा सरकार ने युवाओं के लिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। विश्वविद्यालयों को अनुदान, महाविद्यालय भवनों का निर्माण, परीक्षा प्रणाली की क्षमता वृद्धि और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए सहयोग योजनाएँ यह स्पष्ट करती हैं कि सरकार युवाओं को योग्य और सक्षम बनाना चाहती है, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। अधोसंरचना विकास इस बजट का मजबूत स्तंभ है। सड़क, बिजली, जल, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर निवेश से न केवल विकास को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह विकास शहरों तक सीमित न रहकर पूरे राज्य में संतुलित रूप से फैलने वाला है। निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से सरकार ने यह संकेत दिया है कि छत्तीसगढ़ अब रोजगार मांगने वाला नहीं, रोजगार देने वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है। इससे युवाओं को पलायन के बजाय अपने राज्य में ही अवसर मिलेंगे।

■ शिक्षा और अधोसंरचना में निवेश, युवाओं को सक्षम बनाने पर केंद्रित

### *अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध*

*समावेशी विकास, अंत्योदय और कुशल मानव संसाधन पर आधारित बजट संरचना यह दर्शाती है कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और मध्यम वर्ग—सभी को साथ लेकर चलने वाला है। कुल मिलाकर, छत्तीसगढ़ बजट 2026–27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री के विकासशील छत्तीसगढ़ के विजन को जमीन पर उतारने का सशक्त प्रयास है। यह बजट आने वाले वर्षों में राज्य को आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक रूप से नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।*

**पेज 9 के शेष...**

### अज्ञात वाहन की....

हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही छुरा थाना की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

### युवा कल्याण को...

हेतु 20 करोड़, करियर काउंसिलिंग केंद्र हेतु 10 करोड़, मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना हेतु 10 करोड़, छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना हेतु 5 करोड़, जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएँ शामिल हैं। दीपक साहू ने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का स्पष्ट रोडमैप है। भाजपा सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवारें और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में भागीदार बनें।

### आईएसबीएम विवि का...

ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता को भी सशक्त बनाते हैं। कुलपति ने अपने संदेश में कहा कि "आपातकाल के 50 वर्ष" जैसे ऐतिहासिक विषय पर चर्चा युवाओं को लोकतंत्र की मूल भावना और उसकी रक्षा के दायित्व का बोध कराएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजिम रोहित साहू होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में गौरीशंकर कश्यप युवा आइकॉन के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। साथ ही लेखराज ध्रुवा अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद विशिष्ट अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिकाधिक विद्यार्थियों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

### खेल-खेल में...

से नाम-पता पूछने की कोशिश की गई, लेकिन मासूम मूक और श्रवण बाधित होने के कारण कुछ बता नहीं सका। स्थिति की गंभीरता समझते हुए बस स्टाफ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चे को सीधे छुरा थाना पहुंचाया।

### महिला मोर्चा ने...

तनू मिश्रा, योगिता सिन्हा, माधुरी साहू उपाध्यक्ष ,चेतना गुप्ता मंत्री ,रानू शर्मा कोषाध्यक्ष ,नीता धीवर ,अन्नपूर्णा देवांगन ,लता टांडिया ,महिला मोर्चा नवापारा मंडल अध्यक्ष धनमती साहू ,अभनपुर अध्यक्ष सीता साह, महामंत्री महिला मोर्चा हर्षा कंसारी ,पार्षद पुजा कंसारी ,जीना निषाद ,लोमेश्वरी साहू ,गीता राजपूत ,शारदा साहू ,कुमेश्वरी साहू ,नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ,नगरपा लिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ,विधायक प्रतिनिधि संजय साहू,महामंत्री सौरभ जैन,युवा मोर्चा के अध्यक्ष अंकित मेघवानी ,महामंत्री वीरेंद्र ,अल्पसंख्यक मण्डल अध्यक्ष अनस रिजवी ,प्रेम साधवानी शामिल थे।

### गोबरा आश्रम के...

पिता द्वारा विधिवत पत्र देने के बाद ही वह अपने पुत्र को साथ लेकर गए थे। वर्तमान में छात्र अपने जीजा के घर ग्राम जरांडी में सुरक्षित है। गौरतलब है कि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद क्षेत्र में विभिन्न तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं, जिसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच की। अब स्थिति स्पष्ट होने के बाद प्रशासन ने बताया है कि छात्र लापता नहीं है, बल्कि अपने पिता के संरक्षण में है।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बकमा से कोटरीपानी जाने के मार्ग में एक व्यक्ति के कब्जे से बागबाहरा पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी आरोपी खुरदेव ठाकुर पिता दुतिया ठाकुर (27 वर्ष) कोटरीपानी के कब्जे से लगभग 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को जब्त कर कार्रवाई की है।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने डॉ. शेषनारायण

**महासमुंद।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के नए जिला संयोजक डॉ. शेष नारायण गुप्ता होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की जिला संयोजक व सह संयोजकों की घोषणा की गई है। जिसमें संयोजक डॉ. शेष नारायण गुप्ता एवं डॉ. प्रकाश पटेल एवं डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा सहसंयोजक होंगे। डॉ. गुप्ता ने नियुक्ति पर भाजपा संगठन के प्रदेश एवं स्थानीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### चखना ठेला संचालकों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चखना ठेला में शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि बम्हनी शराब दुकान के पास दो लोग अपने चखना ठेला में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

### समस्या : बस स्टैंड और व्यवसाय प्रभावित, यातायात व्यवस्था संकट में

# नवापारा रेलवे क्रॉसिंग के प्रस्तावित फ्लाईओवर पर स्थानीय हैं असंतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

रायपुर-गरियाबंद मार्ग पर नवापारा शहर के बस स्टेण्ड से 200 मीटर दूर रेल्वे क्रासिंग पर प्रस्तावित फ्लाईओवर को लेकर यहां का बस स्टैंड का सत्यानाश होने से इंकार नही किया जा सकता। इस बस स्टेण्ड से रायपुर के लिए 70 मिनीबसे,दो चक्कर लगाती है। वहीं आरंग रूट की गाड़ियां भी यही से संचालित होती है। लंबी रूट देवभोग,गरियाबंद के लिए भी इसी बस स्टेण्ड के सड़क से सारी गाड़ियां रूकती है,सवारी उतारती है और सवारी चढ़ाकर रवाना होती है। इसके अलावा दर्जनो ऑटो, रिक्शॉ का स्टेण्ड भी यही बस स्टेण्ड है।

- नागरिकों की मांग : विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और जनसहमति

बस स्टेण्ड वैसे भी बहुत छोटा है। चार गाड़ियां एक साथ खड़ी नही हो पाती कि बस स्टेण्ड में जगह नही बचता। फ्लाईओवर बनने के बाद सर्विस मार्ग के लिए भी जगह नही बचेगा। यदि सर्विस मार्ग बनाया भी जाएगा तो कम से कम सड़क के दोनो ओर के 200 बिल्डिंग को तोड़ना पड़ेगा। इससे ऐसा लगता है कि एक मात्र बस स्टेण्ड का भी सत्यानाश हो जाएगा। वैसे भी इस शहर में बढ़ते ट्रैफिक के कारण पहले से ही सदर बाजार और गंज मार्ग की स्थिति विकराल हो चुकी है। गाड़ियो की आमदरफ्त ऐसे बढ़ गई है कि हर पल जाम की स्थिति बनती है। फ्लाईओवर के बनने से स्थिति और विस्फोटक हो जाएगी। चूंकि यह नगर रायपुर-देवभोग हाइवे पर स्थित होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों बसों और दर्जनों ऑटो रिक्शाओं का आवागमन होता है। वर्तमान में बस स्टैंड परिसर और उससे लगा क्षेत्र ही बसों के ठहराव, यात्रियों के चढ़ने-उतरने और ऑटो रिक्शा संचालन का मुख्य स्थान है। ऐसे में प्रस्तावित फ्लाईओवर यदि इसी मार्ग से होकर गुजरता है, तो नगर की संपूर्ण यातायात व्यवस्था चरमरा जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बस स्टैंड क्षेत्र पहले से सीमित स्थान में संचालित हो रहा है। पीक अवर्स में यहाँ पैदल यात्रियों, बसों और ऑटो की भारी भीड़ रहती है। यही कारण है कि वर्तमान ढांचे में थोड़ी सी भी संरचनात्मक बाधा पूरे सिस्टम को प्रभावित कर सकती है। फ्लाईओवर बनने की स्थिति में बसों के ठहराव की समस्या खड़ी हो जाएगी। बसों के रुकने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होगी। यात्रियों को सड़क के बीच उतरने की मजबूरी हो जाएगी इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ेगी। ऑटो रिक्शा के लिए निर्धारित खड़े होने की जगह समाप्त हो सकती है। संकरी सड़क में ऑटो और बसों का संचालन एक साथ संभव नहीं होगा।



#### जोखिम भरा होगा सड़क पार करना

इससे होने वाला जाम स्थायी समस्या बन सकता है। एक साथ सैकड़ों बसों और ऑटो की आवाजाही के बीच फ्लाईओवर के पिलर अवरोध उत्पन्न करेंगे। पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग नहीं बचेगा। आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता बाधित हो जाएगा। सड़क पार करना अत्यंत जोखिम भरा होगा। नगरवासियों और वाहन चालकों का कहना है कि बिना विस्तृत ट्रैफिक प्लान के यह परियोजना लागू की जा रही है। पहले से सीमित जगह में भारी ढांचा खड़ा करना अव्यावहारिक है। वैकल्पिक मार्ग या बस स्टैंड पुनस्थापन की कोई स्पष्ट योजना सामने नहीं आई है। फ्लाईओवर के डिजाइन में स्थानीय यातायात घनत्व को ध्यान में रखा जाए। बता दें कि नवापारा का बस स्टैंड नगर की जीवनरेखा है। यहाँ प्रतिदिन सैकड़ों बसों और दर्जनों ऑटो रिक्शाओं का संचालन होता है। यदि बिना समुचित योजना और स्थान प्रबंधन के फ्लाईओवर निर्माण किया गया, तो बसों के रुकने, ऑटो संचालन और पैदल यातायात की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है। विकास की योजनाएं तभी सफल मानी जाएंगी जब वे स्थानीय आवश्यकताओं और व्यवहारिक परिस्थितियों के अनुरूप हों। अन्यथा यह परियोजना सुविधा से अधिक समस्या का कारण बन सकती है।

#### नगर में जबरदस्त असंतोष का माहौल

नगर में इस मुद्दे को लेकर बैठकों और चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि विकास के नाम पर यदि अव्यवहारिक निर्णय लिए गए, तो इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। नवापारा जैसे छोटे शहर में रेल्वे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर निर्माण का निर्णय केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रभावों से भी जुड़ा है। बिना दीर्घकालिक शहरी योजना और जनसहमति के ऐसे निर्णय स्थानीय असंतोष को जन्म देते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन जनभावनाओं को समझते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ता है या नहीं। मालूम हो कि बस स्टैंड के आसपास दर्जनों दुकानें, छोटा-बड़ा व्यवसाय, ऑटो पार्टस, किराना ,शो रूम, मोटर-बाइक रिपेयर, होटल-ढाबे सहित सैकड़ो दुकाने हैं जो इन व्यवसायों का दैनिक आय बस स्टॉप की यात्री भीड़ पर आधारित है। इसी रेल्वे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण कार्य को लेकर नगर में जबरदस्त असंतोष और आक्रोश का माहौल बन गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिना किसी सार्वजनिक सूचना, बिना विस्तृत डिजाइन प्रस्तुत किए और बिना जनसहमति के इस योजना की शुरूआत चुपचाप कर दी गई। न ही फ्लाईओवर का अधिकृत नक्शा या डिजाइन सार्वजनिक किया गया। बस स्टैंड और व्यापारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। विकास कार्यों का उद्देश्य जनसुविधा बढ़ाना होता है, न कि स्थानीय जनजीवन और व्यापार को संकट में डालना। नवापारा जैसे छोटे शहर में बस स्टैंड और रेलवे क्रॉसिंग केवल ढांचे नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक धुरी हैं। फ्लाईओवर की आवश्यकता पर कोई विवाद नहीं, लेकिन पारदर्शिता, जनसहमति और समुचित योजना के बिना शुरू किया गया कार्य स्थानीय असंतोष को जन्म दे रहा है। अब आवश्यकता है कि प्रशासन आगे बढ़कर संवाद स्थापित करे, स्थिति स्पष्ट करे और सभी पक्षों को विश्वास में लेकर संतुलित निर्णय ले। विकास की योजनाएं तभी सफल मानी जाएंगी जब वे स्थानीय आवश्यकताओं और व्यवहारिक परिस्थितियों के अनुरूप हों। अन्यथा यह परियोजना सुविधा से अधिक समस्या का कारण बन सकती है।

#### फ्लाईओवर पर पुनर्विचार आवश्यक : स्थानीय

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस रेल लाइन पर दिन में केवल दो या तीन समय ट्रेन का आवागमन होता है, उसके लिए इतने व्यस्त और सीमित स्थान वाले क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण का निर्णय समझ से परे है। लोगों का आरोप है कि बिना समुचित अध्ययन और दीर्घकालिक ट्रैफिक योजना के यह निर्णय लिया गया है। बात यदि ट्रेन में जाने वाले यात्रियो की करे तो डिब्बे खाली नजर आते है। लोगों का कहना है कि इतने छोटे शहर में, जहाँ केवल एक ट्रेन की आवाजाही है वो भी सीमित। वहाँ फ्लाईओवर की अनिवार्यता पर पुनर्विचार आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियो और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि फ्लाईओवर योजना की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। जब तक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सार्वजनिक न हो, निर्माण कार्य रोका जाए। बाइपास और फ्लाईओवर दोनों के लिए समग्र मास्टर प्लान सार्वजनिक किया जाए। जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

## आदिवासी गांव हरदी में 250 राशनकार्ड पर नहीं हुआ चावल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

खाद्य विभाग द्वारा चावल वितरण का जिम्मा होता है पर वास्तव में क्या लोगो को सही समय पर हितग्राहियों को राशन सामग्री मिल पा रहा है कि नही यहाँ चिंतनीय का विषय बन चुका है, आखिर आदिवासी समुदाय क्षेत्र के लोगो को ही हर समय विभिन्न जटिल समस्याओं का समाधान के लिए प्रशासन से अपने हक और अधिकार के लिए गुहार लगाने पड़ते हैं। आदिवासी वि.ख छुरा से लगे समीप गांव हरदी का हैं जहाँ 250 राशनकार्ड को चावल वितरण नही किया गया है और महीना का आखिरी समय चल रहा है।

- खाद्य विभाग के वितरण में देरी, प्रशासनिक सुस्ती पर सवाल
- स्थानीय नेता और सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाए समय पर राशन उपलब्ध कराने की मांग



प्रशासन के पास चावल वितरण में देरी का कारण भंडारण में कमी हैं।इसके बाद अगले माह लग जायेगा,और चावल हितग्राहियों को अप्राप्त होगा।एक सप्ताह बचा हुआ है होली और होली के माहौल में,भुखमरी का अंदेशा लगाया जा सकता है, आखिर प्रशासन के पास एक माह गुजरने वाले हैं पर अभी तक चावल क्यू अप्राप्त हैं इसका जिम्मेदार कौन होगा।शीतल ध्रुव सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा आम जनता तक शासन प्रशासन की योजना धरातल पर समय मे उपलब्ध कराना चाहिए जिससे हितग्राहियों को विभिन्न समस्याओं से परेशानियों का सामना न करना पड़े।रुपनाथ बंजारे अध्यक्ष उप सरपंच संघ छुरा ने कहा प्रशासन सुस्त हैं सिर्फ अपने दफ्तर तक सीमित है अफसरशाही। आदिवासी ब्लॉक में चावल नही मिलना समय पर बड़ी चिंता का विषय है,आखिर इसका कारण क्या है जो गरीब परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस में राशन सामग्री नही मिलना।उच्च अफसरशाही को चाहिए जमीनी हकीकत का जानकारी रखे और निम्न गरीब तपके के परिवारों समय पर राशन सामग्री उपलब्ध कराए।

#### 2 या 3 दिन में पहुंच जाएगा राशनः फूड इंस्पेक्टर

फूड इंस्पेक्टर रितु मौर्य से चर्चा करने पर कहा फ़रवरी माह में नागरिक आपूर्ति निगम से चावल वितरण करने में विलंभ हो रहा है। 2 या 3 दिन में पहुँच जाएगा।राजेंद्र कुमार प्रसाद साहू वेयर हाउस प्रभारी गरियाबंद ने बताया ट्रक में चावल लोड हो गया है कल तक पहुँच जाएगा।

## आदिवासी समाज ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, आदिवासी नेत्री लोकेश्वरी हुईं शामिल

**मैनपुर।** जंतर मंतर नई दिल्ली में राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति भारत द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जंतर मंतर मे किया गया जिसमे शामिल होने जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेत्री लोकेश्वरी नेताम एवं विनोद नागवंशी के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल होने पहुचे। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने बताया आदिवासी धर्म कॉलम




की मांग एवं यूसीजी की मांग लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें पूरे देश के साथ हमारे गरियाबंद जिले से भी बड़ी संख्या मे आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर अध्यक्ष उमेन्दी कोर्राम, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, शिवदर्शन, टिकेश्वर कुंजाम, छबिलाल ध्रुव, निरंजन, गणेश एवं सैकड़ो की संख्या मे आदिवासी समाज के लोग पहुंचे है।

## बैस कुर्मी समाज के अधिवेशन में नए पदाधिकारियों का चयन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

ग्राम तूता स्थित सामाजिक भवन में बैस कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में रायपुर एवं धमतरी जिले से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, संगठन सुदृढ़ीकरण, शिक्षा प्रोत्साहन तथा सामाजिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।


अधिवेशन में सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। चयनित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर तूता निवासी रामकृष्ण बैस को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष के रूप में अशोक बैस (सिहाद) एवं श्रीमती नेहा बैस (चर्रा),सचिव प्रभात बैस (कुरुद) तथा सहसचिव नरेश बैस (धुसेरा) एवं श्रीमती सरिता बैस (माना बस्ती),कोषाध्यक्ष भानुप्रताप बैस (चर्रा), मीडिया रामकुमार बैस (गोढी), युवा अध्यक्ष (बैस कुर्मी) भरत बैस (तूता) तथा महिला अध्यक्ष (बैस कुर्मी) पद पर श्रीमती दुर्गा बैस (चर्रा) को दायित्व सौंपा गया। संरक्षक मंडल प्रेमलाल बैस (चर्रा), टिकेंद्र बैस (देवरी) एवं छात्रपाल बैस (सिहाद) शामिल किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकृष्ण बैस ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समाजजनों ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## धर्ममय वातावरण में गूंजेगा रामनामः संत गोवर्धन

**छुईहा-बेलर।** फुलझर (घटारानी) की पुण्यधरा पर 26 फरवरी से 1 मार्च तक भव्य श्रीरामचरितमानस महायज्ञ का दिव्य आयोजन होने जा रहा है।संत गोवर्धन शरण व्यास ने बताया कि ग्राम फुलझर में धर्ममय वातावरण में रामनाम गूंजेगा । ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र में अपार उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है। ग्राम प्रमुख डीहू राम साहू एवं हरिशचंद दिवान ने जानकारी देते हुए बताया कि घटारानी समीपस्थ ग्राम फुलझर में आयोजित यह तीन दिवसीय मानस महायज्ञ श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, ज्ञान और सत्संग का अनुपम अवसर लेकर आ रहा है।यह पावन आयोजन चतुर्भुज आश्रम सिरकट्टी धाम कुटेना के संचालक, महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा। श्रद्धालुओं को उनके दिव्य एवं ओजस्वी प्रवचनों का लाभ प्राप्त होगा, जो रामभक्ति के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देंगे। महायज्ञ में अन्य संत-महात्माओं का भी संगीतमय प्रवचन होगा, जिनमें संत जगदीश प्रसाद, संत चन्द्रहास शरण, संत मिशिला शरण, संत बृजमोहन शरण, संत बलराम प्रसाद, संत नारद शरण एवं संत भागवत शरण शामिल हैं।



कार्यक्रम का मंच संचालन संत चन्द्रिका प्रसाद शरण करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा में गुरुवार सायं 4 बजे भव्य कलश यात्रा एवं दीप प्रज्वलन, शुक्रवार एवं शनिवार – यज्ञ एवं प्रवचन, रविवार शोभायात्रा, पूर्णाहुति एवं समापन समारोह होगा। रात्रिकालीन भक्ति संध्या के अंतर्गत शुक्रवार को जय श्री कृष्ण पंडवानी पार्टी, खट्टी तथा शनिवार को संगम रामधुनी पार्टी, छिपली मगरलोड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। ग्रामवासियों ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रामकथा अमृत का पान करें और धर्मलाभ प्राप्त करें। फुलझर की पावन धरा पर रामनाम की गूंज से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय होने को आतुर है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### जिला किसान मोर्चा के प्रवक्ता और अध्यक्ष की घोषणा



**मुड़ागांव(कोरासी)/रसेला।** जिला किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता बनाए गए नारायण सिंह ठाकुर एवं मंडल मलेवा अंचल किसान मोर्चा के अध्यक्ष बनाए गए कृष्णा गुप्ता हाल ही में जिला किसान मोर्चा एवं मंडल अध्यक्ष की घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव संगठन महामंत्री, माननीय पवन साय की अनुमति एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के सहमति से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हलमन सिंह ध्रुवा ने कार्यसमिति की घोषणा की गई ।

### नीरज बने राजिम प्रेस क्लब के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सोमा



**राजिम।** प्रेस क्लब राजिम के पंजीयन के बाद सोमवार को कोर कमेटी की पहली औपचारिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्लब के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नीरज शर्मा को प्रेस क्लब राजिम का अध्यक्ष चुना। सचिव श्रीकांत साहू, उपाध्यक्ष सोमा शर्मा, सहसचिव तामेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल चुने गए। बैठक में संगठन के विस्तार को लेवपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

### श्रीराम सेना मैनपुर की नई कार्यकारिणी का गठन, मुकेश बने अध्यक्ष



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में श्रीराम सेना हिन्दू संगठन के नये पदाधिकारियो का गठन सर्वसम्मति के साथ किया गया है जिसमें अध्यक्ष मुकेश सिन्हा को नियुक्त किया गया है उपाध्यक्ष आर्यन पटेल, प्रवीण शिंदे, कोशाध्यक्ष दिनेश सचदेव, सचिव देवराज साहू को चुना गया है। मैनपुर में रामनवमीं पर्व को प्रतिवर्श अनुसार धुमधाम के साथ मनाने के लिए नया कार्यकारिणी का गठन किया गया है और अभी से श्रीराम सेना द्वारा तैयारी शुरू कर दिया गया है रामनवमीं, हनुमान जन्मोत्सव व अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रीराम सेना द्वारा किया जाता है। श्रीराम सेना के संरक्षक केशव बंछोर, मोहित द्विवेदी, नरेश सिन्हा, रूपेश साहू, पारस सिन्हा एवं विशेष सलाहकार नंदकिशोर चौबे को नियुक्त किया गया है।

## विवाद : गरियाबंद से राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री तक पहुंचा ज्ञापन

# 'यादव जी की लव स्टोरी' पर बढ़ा विवाद, देशभर में विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रस्तावित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर जिले में विवाद गहराता जा रहा है। फिलहाल यादव जी की लव स्टोरी रिलीज़ से पहले ही राष्ट्रीय बहस का विषय बन चुकी है। सर्व यादव समाज, गरियाबंद ने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और फिल्म विकास बोर्ड, नई दिल्ली को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन कलेक्टर, गरियाबंद के माध्यम से प्रेषित किया गया।

प्रस्तावित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर विवाद गहराते जा रहा है,सर्व यादव समाज, गरियाबंद द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और फिल्म विकास बोर्ड, नई दिल्ली को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। विभिन्न यादव संगठनों ने सोशल मीडिया अभियान चलाते हुए फिल्म के शीर्षक और कथानक पर आपत्ति जताई है। कई जगहों पर जिलाधीश कार्यालयों के बाहर ज्ञापन सौंपे गए, जबकि कुछ शहरों में शांतिपूर्ण धरना भी दिया गया। संगठनों का कहना है कि फिल्म समाज की छवि को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है और इससे सामाजिक समरसता प्रभावित हो सकती है।

### 27 फरवरी की प्रस्तावित रिलीज़ से पहले रोक की मांग



### काल्पनिक प्रेम प्रसंग से यादव समाज की भावनाएं आहत

ज्ञापन में 27 फरवरी को प्रस्तावित रिलीज से पहले फिल्म पर रोक लगाने की मांग की गई है। संगठन का तर्क है कि फिल्म का नाम और कहानी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। ज्ञापन में बताया गया है कि फिल्म का निर्माण अंकित भदाना और संदीप तोमर द्वारा किया गया है तथा इसे 27 फरवरी को रिलीज किए जाने की सूचना है। समाज के पदाधिकारियों का आरोप है कि फिल्म की कहानी में एक यादव लड़की और मुस्लिम युवक के काल्पनिक प्रेम प्रसंग को दिखाया गया है, जिससे यादव समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। उनका कहना है कि फिल्म का शीर्षक और कथानक समाज की बहन-बेटियों के सम्मान के प्रतिकूल है। संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि यदि फिल्म को रिलीज किया गया तो सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। उन्होंने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप कर फिल्म को तत्काल प्रतिबंधित करने की मांग की है। समाज ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर आगे आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इधर, प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त होने की पुष्टि की है और मामले को संबंधित विभागों तक भेजने की बात कही है।

### फिल्म में पारंपरिक मान्यताओं और आधुनिक सोच के टकराव

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिल्म की कहानी एक काल्पनिक प्रेम कथा पर आधारित बताई जा रही है। कथानक में एक यादव परिवार की युवती और दूसरे समुदाय के युवक के बीच प्रेम संबंध को दिखाया गया है। कहानी में परिवार और समाज के विरोध, पारंपरिक मान्यताओं और आधुनिक सोच के टकराव को दर्शाया गया है। फिल्म में दोनों पात्रों के संघर्ष, सामाजिक दबाव और रिश्तों की जटिलताओं को केंद्र में रखा गया है। कहानी में परिवार और समाज के विरोध, पारंपरिक मान्यताओं और आधुनिक सोच के टकराव को दर्शाया गया है। फिल्म में दोनों पात्रों के संघर्ष, सामाजिक दबाव और रिश्तों की जटिलताओं को केंद्र में रखा गया है। फिलहाल जिले में इस मुद्दे पर सियासी और सामाजिक हलचल तेज हो गई है, और सबकी नजरें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

### ये रहे मौजूद

गरियाबंद में संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ धनमति यादव, यशवंत यादव, छगन यादव, चमन यादव, तेजेश यादव, वोग्रसेन यादव, नंदू यादव, नवल किशोर यादव, टंकधर यादव, जयगोपाल यादव, ललिता यादव, गेंदू यादव, पुरुषोत्तम यादव, मनीष यादव, ईश्वर यादव, दयाराम यादव, शिला यादव, प्रमिला यादव, यमुना यादव, उमेश्वर यादव, अंजू यादव, दीपमाला यादव व पुष्पा यादव सहित बड़े संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

## 3 मार्च को चंद्र ग्रहण 4 मार्च को मनेगी होली: पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



होलिका दहन 2 मार्च सोमवार एवं बसंत उत्सव होली का त्यौहार 4 मार्च बुधवार को मनाया जायेगा दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि देव पंचांग के अनुसार होलिका दहन का मुहूर्त 2 मार्च सोमवार रात्रि 1.26 से 2.38 तक है 4 मार्च बुधवार को बसंत उत्सव होली का त्यौहार मनाया जाएगा इस वर्ष 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने कारण होली का पर्व होलिका दहन के एक दिन बाद मनाया जाएगा खंडग्रासचंद्र ग्रहण 3 मार्च 2026 मंगलवार को है जिसका सूतक 3 मार्च को प्रातः 9:07 में लगेगा मोक्ष शाम 6:47 को होगा यह ग्रहण भारत में दृश्य एवं मान्य होने कारण ग्रहण काल के सभी नियम लागू होंगे मंगलवार 3 मार्च कोप्रातः पूजन के बाद 9:00 बजे से मंदिरों के पट बंद रहेंगे ग्रहण काल में भगवान की मूर्ति का स्पर्श निषेध होता है इस दौरान भगवत भजन नाम जप कीर्तन विशेष फलदाई होती है ग्रहण मोक्ष के उपरांत स्नान दान करने से भगवत कृपा एवं सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## भद्रा में होलिका दहन राष्ट्र व ग्राम के लिए अहितकारी: पं. मिश्रा

**छुईहा बेलर।** सिद्ध विनायक मंदिर फिंगेश्वर विद्वान भगवताचार्य ज्योतिषाचार्यों पंडित त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले ने बुधवार को छुईहा में स्पष्ट किया है कि इस वर्ष होली का पर्व 2 मार्च को मनाया जाएगा, किंतु होलिका दहन शास्त्र सम्मत रूप से 3 मार्च को प्रातः 05:29 बजे से सूर्योदय तक ही करना श्रेष्ठ रहेगा। ज्योतिष गणना के अनुसार 2 मार्च की संध्या 05:57 बजे पूर्णिमा तिथि आरंभ होते ही भद्रा लग जाएगी, जो अर्धरात्रि के उपरांत 3 मार्च को सूर्योदय से पूर्व 05:29 बजे तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य मिश्रा ने बताया कि धर्मशास्त्रों में भद्रा काल में होलिका दहन को वर्जित माना गया है। धनुरागम ग्रंथ में उल्लेख है कि भद्रायां दीपितां होली राष्ट्रभंग करोति वै। नगरस्य च नैवेष्टा तस्मात्तं परिवर्जयेत।अर्थात भद्रा में की गई होलिका देश, नगर और ग्राम के लिए अशुभ फलदायी मानी गई है। शास्त्रानुसार स्पष्ट निर्देश मिलता है भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा। श्रावणी नृपति हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी। अर्थात भद्रा में श्रावणी और फाल्गुनी (होली) का अनुष्ठान त्याज्य है, अन्यथा श्रावणी राजा के लिए और होली ग्राम के लिए हानिकारक सिद्ध होती है। कहा मुहूर्त संग्रह में स्पष्ट उल्लेख है भद्रायां रहितं कार्य होलिकां प्रपूजयेत। अर्थात भद्रा रहित काल में ही होलिका पूजन किया जाना चाहिए, भद्रा में तो पूजन तक वर्जित है, दहन तो दूर की बात है।अतः संपूर्ण भद्रा का त्याग करते हुए 3 मार्च को प्रातः 05:29 बजे से सूर्योदय तक होलिका दहन करना ही शास्त्र सम्मत एवं कल्याणकारी रहेगा। श्रद्धालुओं से आग्रह है कि शुभ मुहूर्त का पालन कर लोक-कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना करें।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और युवाओं के लिए मजबूत रोडमैप: बजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं वरिष्ठतम भाजपा नेता अशोक बजाज ने सीएम विष्णुदेव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत संकल्प बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और युवा सशक्तिकरण को समर्पित दूरदर्शी बजट बताया है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास का स्पष्ट रोडमैप है।

बजाज ने कहा कि बजट में शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रावधान किए गए हैं। इसी तरह ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है और बजट में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इन प्रावधानों से किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे किसान-केंद्रित बजट बताया।

### बजट में युवाओं को भी प्रोत्साहन

बजट में युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और स्टार्टअप प्रोत्साहन पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। श्री बजाज ने कहा कि यह संकल्प बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की सोच को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि बजट के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को इस दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह बजट राज्य के विकास संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करेगा।

## जिला कांग्रेस में नई नियुक्तियां, पुष्पा साहू उपाध्यक्ष व चेतन सिन्हा बने महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी के बाद प्रदेश कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा के पर गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद पर पुष्पा साहू बोरसी उपाध्यक्ष ,चेतन सिन्हा चरौदा को महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए का चयन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय अध्यक्ष , छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल,वरिष्ट नेता गिरीश देवांगन, पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, गरियाबंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की अनुशंसा पर नियुक्ति मिली है। पुष्पा साहू राजिम विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेत्री हैं ,पुर्व में जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष एंव जिला पंचायत सदस्य रह चुकी है , वहीं साहू समाज की जिला उपाध्यक्ष पद पर सेवा दे रही है। क्षेत्र में अब भी सक्रिय रहते आम लोगों से सतत सम्पर्क बनाये है। इन्ही सक्रियता के चलते कांग्रेस ने जिला उपाध्यक्ष पद की दायित्व दी है। वहीं चेतन सिन्हा युवा नेता अपनी अच्छी पहचान बनाई है। पुर्व में विभिन्न पद रहते कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं , वहीं सिन्हा कलार समाज में जिला राजनैतिक प्रकोष्ठ पद सेवा दे रहे हैं। इसलिए इनके सक्रिय भागीदारी रहते चेतन सिन्हा को जिला महामंत्री पद का दायित्व सौपा गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी ने इस जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय एंव प्रदेश, जिला पार्टी नेतृत्व का हृदय से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूर्ण समर्पण और कड़ी मेहनत से कार्य करने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। नियुक्ति पर बधाई देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस के कई नेताओं ने बधाई दी है।

## छुरा के कवि मानसिंग को राज्य स्तरीय सम्मेलन में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



- 'कृति साहित्य महोत्सव' में प्रकाशित हुईं उनकी दो रचनाएं
- रायपुर में हुआ हमर गंवई गांव साहित्य अउ कला मंच का भव्य आयोजन

आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के मानसिंग ध्रुव मूलतः छुरा क्षेत्र के एक छोटे से गांव टोनहीडबरी के निवासी हैं। वे वर्तमान में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के मूर्तिकला विभाग में चतुर्थ वर्ष के छात्र हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उनकी रुचि कविता लेखन में भी है। हाल ही में 8 फरवरी को 'कृति साहित्य महोत्सव', (25वां वर्ष)सीपत (बिलासपुर) की वार्षिक पत्रिका में उनकी दो रचनाएं प्रकाशित हुईं। 22 फरवरी, रविवार को रायपुर के वृंदावन हॉल में 'हमर गंवई गांव साहित्य अउ कला मंच' द्वारा राजकीय साहित्य सम्मेलन, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से लगभग 100 साधकों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दिए।

### मंच का उद्देश्य

'हमर गवई गांव साहित्य अउ कला मंच' एक प्रमुख छत्तीसगढ़ी शास्त्रीय मंच है, जो पिछले 3 वर्षों से मासिक रूप से ई-पत्रिका का संपादन कर रहा है। इसमें प्रदेश के युवा और बुजुर्ग साझीदार अपनी रचनाएं तलाश रहे हैं। नए रचनाकारों को मंच प्रदान करना और छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य को आगे बढ़ाना इस पटल का मुख्य ध्यान है।

### कार्यक्रम की मुख्य झलकियां

कार्यक्रम की शुरुआतः मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-आरोपण के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुआत। प्रसिद्ध लोक गायक दिलीप टिकरिहा 'छत्तीसगढ़िया' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुति की और कमलेश साहू कुमार ने छत्तीसगढ़ी राजगीत का गायन किया। 'महतारी भाखा' साझा संकलन पुस्तक के साथ-साथ मासिक एवं साप्ताहिक ई-पत्रिका का आधिकारिक विमोचन किया गया। सहभागी रचनाकारों को 'महतारी भाखा सम्मान', संपादकों को 'संपादक सम्मान' और सलाहकारों को विशेष सम्मान से नवाजा गया। दो सत्रों में रचनाकारों ने अपने पहले कविता का पाठ किया, जिनमें से दूसरे में उन्हें स्मृति चिन्ह और स्मारक चिन्ह मिले।

***ये रहे उपस्थितः-*** *मुख्य अतिथिः आदर्श अभिलाषा बेहार जी (सचिव, राजभाषा आयोग, छत्तीसगढ़), अध्ययनः डॉ. चितरंजन कर (वरिष्ठ साहित्य एवं भाषाविद्), विशिष्ट अतिथि (संरक्षक) अरुण कुमार निगम (दुर्ग), डॉ. पी.सी. लाल यादव (गंडई), रामेश्वर शर्मा (रायपुर), संपादक मंडलः कमलेश वर्मा (बेमेतरा), कन्हैया साहू 'अमित' (भाटापारा), दीपक निषाद (बेमेतरा), मुख्य सलाहकारः गीतकार मिनेश साहूकार (गंडई) एवं संगीतकार ईश्वर साहूकार 'बंधी' (बेमेतरा) उपस्थित रहे।*

## निधन

### हंसराज रांवका



**नवापारा-राजिम।** दिगंबर जैन समाज के सुश्रावक हंसराज रांवका उम्र 95 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को मुक्तिधाम में किया गया। वे रवि और रमेश रांवका के पिताजी थे।

## 'संकल्प बजट' विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में समावेशी प्रयास : योगिता



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ में पेश किए गए बजट के संदर्भ में प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किया गया बजट विकसित छत्तीसगढ़ राज्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। बजट में आधुनिक विजन एवं आगामी वर्षों में समृद्ध एवं विकसित छत्तीसगढ़ के लिए रोड मैप की परिकल्पना से बजट पेश किया गया है। जिसमें गांव, गरीब, मजदूर, महिला, युवा, व्यवसायी एवं शासकीय कर्मचारियों की हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। बालिकाओं की आर्थिक समृद्धि, छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना,गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर समावेशी बजट निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के विकास एवं अर्थव्यवस्था को तेज गति प्रदान करेगा। बुजुर्गों के लिए शक्ति पीठ भ्रमण योजना की सौगात, राजिम में माता राजिम की भव्य कास्य प्रतिमा, छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना महतारी, वंदन योजना का विस्तार, जी-राम-जी योजना में अधिक बजट का प्रत्यक्ष लाभ से छत्तीसगढ़ खुशहाली एवं समृद्धि की राह पर अग्रसर होगा।

### छत्तीसगढ़ के आधुनिक विजन का बजटः नागेंद्र वर्मा



**नवापारा-राजिम।** भाजपा नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने छत्तीसगढ़ के आधुनिक विजन का बजट बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री आदरणीय ओ पी चौधरी जी द्वारा प्रस्तुत बजट संकल्प थीम पर आधारित है। इसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में विभिन्न घोषणाओं से मध्यम वर्ग सहित प्रदेश के करोड़ों नागरिक लाभान्वित होंगे एवं प्रदेश विकास के नए आयाम के साथ आगे बढ़ेगा। कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास, अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने और छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट ज्ञान और गति का संगम और विकसित छत्तीसगढ़ का आधार स्तम्भ है।

## किसान, महिला, युवक और गरीबों को तरक्की देने वाला है साय बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के संकल्प बजट का अभनपुर क्षेत्र भाजपा के नेताओं ने स्वागत करते हुए इसे किसान, महिला, युवा और गरीब हितैषी बताया है। नेताओं ने कहा कि यह बजट सुशासन से समृद्धि के संकल्प को साकार करने वाला है और वर्ष 2047 तक 'विकसित छत्तीसगढ़' की दिशा में ठोस कदम है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजेश साहू ने कहा कि बजट में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 13,500 करोड़ से अधिक का प्रावधान कर अन्नदाताओं को प्राथमिकता दी गई है। 10,000 करोड़ की कृषक उन्नति योजना, 5,500 करोड़ सिंचाई विस्तार तथा इंद्रावती नदी पर बैराज निर्माण से हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और समयबद्ध भुगतान को किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला कदम बताया। सरपंच संघ रायपुर अध्यक्ष मुकेश ढीढी ने अनुसूचित जाति कल्याण, गिरौदपुरी एवं भंडारपुरी जैसे धार्मिक स्थलों के उन्नयन, छात्रावास निर्माण और सामुदायिक भवनों के लिए 51 करोड़ रुपए से अधिक किए गए प्रावधानों पर सरकार का आभार जताया। भाजपा नेता वरुण राठी ने बजट को सर्वहारा वर्ग के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना हेतु 8,200 करोड़ का प्रावधान 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक संबल देगा। रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 वर्ष पूर्ण करने वाली बेटियों को 1.5 लाख देने की घोषणा को उन्होंने सामाजिक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम बताया। कृषि उन्नति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, बस्तर एजुकेशन सिटी और शिक्षा सुविधाओं के विस्तार को उन्होंने समावेशी विकास का प्रतीक कहा। वही भाजपा नेता एवं उल्बा सरपंच नेहरू लाल साहू ने कहा कि बजट में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और शिक्षा के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं रोजगार सृजन के लिए हजारों करोड़ रुपए, 12 नए नर्सिंग कॉलेज, नए उद्योगों की स्थापना तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष राशि राज्य के युवाओं को नई दिशा देगी। उन्होंने बजट को प्रदेश की 3 करोड़ जनता के विकास का रोडमैप बताया।










## जिला कांग्रेस कमेटी में हबीब मेमन बने महामंत्री



**मैनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए धवलपुर निवासी एवं कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता हबीब मेमन को गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। हबीब मेमन कांग्रेस पार्टी को मजबुत करने हमेशा से कार्य करते आ रहे है और उनकी सक्रियता तथा पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हे जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त महामंत्री हबीब मेमन ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दिया गया है उसमे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जायेगा और पार्टी को और अधिक मजबुत बनाने कार्य करेंगे। हबीब मेमन के जिला महामंत्री बनने पर मंगलू जगत लेश्राम प्रधान जीतू निषाद, फिरंता निषाद. बजरंग.यादव महेश यादव. संतोष तिवारी नितेश साहू,मनीराम यादव, हेमलाल बारले, नूतन मरकाम कन्हैया ठाकुर गुजरात कमलेश कोमल निषाद, पीलू महिलांग. चेतन यादव राजेश निषाद,हेम लाल यादव. भोज सोनवानी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई दी है।

## अभनपुर भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय तथा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े के मार्गदर्शन में जिला प्रभारी व ग्रामीण जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. बी.आर. गौतम ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जिसमे अभनपुर मंडल अध्यक्ष के रूप में नान्हे धृतलहरे तथा खोरपा मंडल मे अध्यक्ष राजेंद्र एनेश्वरी को दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन कार्य को मजबूती देने एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।